राज्यपाल सचिवालय
राज भवन जयपुर

यूएन जनरल असेंबली के भारत स्थित प्रेसिडेंट एवं प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से की मुलाकात

राज्यपाल श्री मिश्र ने यूएन प्रतिनिधिमंडल का राजभवन में किया अभिनंदन

मानव मूल्यों की दृष्टि से भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता है

भारत के स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्य और आत्मीयता की संस्कृति विश्व भर में अनूठी– डेनिस फ्रांसिस, यूएन जनरल असेंबली के भारत स्थित प्रेसिडेंट

जयपुर, 23 जनवरी। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से मंगलवार को राजभवन में यूएन जनरल असेंबली के भारत स्थित प्रेसिडेंट श्री डेनिस फ्रांसिस के नेतृत्व में यूएन प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में यूनाइटेड नेशंस में भारत की राजदूत और स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कांबोज भी सम्मिलित थी। राज्यपाल श्री मिश्र ने राजभवन पहुंचने पर श्री डेनिस फ्रांसिस का पुष्प गुच्छ भेंट कर 'पधारो म्हारे देस' की संस्कृति में स्वागत और अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री श्रीमती दिया कुमारी और मुख्य सचिव श्री सुधांश पत भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

श्री फ्रांसिस ने इस अवसर पर राजभवन में अपने विशेष संबोधन में कहा कि भारत की संस्कृति विश्व भर में अनूठी है। उन्होंने कहा कि मानव मूल्यों में विश्वास और एक दूसरे के प्रति सम्मान की तथा प्यार की भावना की दृष्टि से भारत पूरे विश्व का नेतृत्व करता है।

यूएन जनरल असेंबली के भारत स्थित प्रेजिडेंट ने राजस्थान को भारत का महान राज्य बताया। उन्होंने कहा कि यहां की संस्कृति और आत्मीयता से भरी परंपराओं और लोगों की मैं सराहना करता हूं। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम और भारत में यही बड़ा अंतर है कि दोनों में ही निरंतर विकास हुआ है परंतु भारत ने मानवता के मूल्यों में विश्वास रखते सद्भाव की संस्कृति की जो प्रगति की है, वह अद्वितीय है। उन्होंने भारत में लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा और जीवन मूल्यों की भी सराहना की तथा कहा कि भारत में चुनाव के जरिए जिस तरह से आम जन से ही प्रतिनिधि चुनकर देष का और राज्य का नेतृत्व करते हैं, वह विष्वभर में उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के संविधान प्रमुख राज्यपाल के यहां राजभवन में आना मेरा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि आज ही उन्होंने जयपुर का आमेर महल, सिटी पैलेस और दूसरे स्थानों को देखा है और यहां की संस्कृति से वह अभिभूत हैं। राजस्थान के गौरवमयी इतिहास, किले महलों के स्थापत्य सौंदर्य और लोगों की सराहना करते उन्होंने कहा कि जयपुर ने मुझे बहुत प्रभावित किया है। अगली बार फिर से यहां आएंगे तो पूरे एक महीने परिवार सहित रुकूंगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने राजभवन में यूएन प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की वैश्विक दृष्टि से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को राजस्थान की पारम्परिक कला–संस्कृति से संबद्ध स्मृति चिन्ह भी भेंट किए। इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख सचिव श्री दिनेश कुमार, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री सुबीर कुमार और प्रमुख विशेषाधिकारी श्री गोविंद राम जायसवाल ने यूएन प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करते हुए राजभवन में उनका स्वागत किया।

———